## एक नजर में

### नारायणगढ़ पुलिस ने 5000 रुपये के इनामी अफीम तस्कर को दबोचा



**मंदसौर।** पुलिस चौकी बुढ़ा थाना नारायणगढ़ की टीम ने अफीम तस्करी के मामले में फ़रार चल रहे टॉप- 10 लिस्टेड 5000 रुपये के इनामी आरोपी राहुल पिता भगतराम सीनम निवासी सिंदपन को गिरफ्तार किया। आरोपी अपराध क्रमांक 81/25 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट में वांछित था। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल, एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में चौकी प्रभारी शुभम व्यास व पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

### सीतामऊ में गणेशोत्सव उत्साह से मनाया जा रहा



**सीतामऊ।** नगर में गणेशोत्सव बड़े उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। शाम होते ही पंडालों की विद्युत सजावट और भक्तों की भीड़ से नगर का माहौल भक्तिमय हो जाता है। आरती के साथ फ्रगणपति बप्पा मोरयाफ्र के जयघोष गूंज रहे हैं। मार्केट गली स्थित प्राचीन गणेश मंदिर, गणपति चौक, नगरपालिका प्रांगण, पोस्ट ऑफिस गली, राधा बावड़ी और हिंदू बाल उद्यान सहित कई स्थानों पर विभिन्न समितियों द्वारा प्रतिदिन धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। रविवार को मार्केट गली मंदिर में भगवान गणेश की महाआरती कर छप्पन भोग का नवैद्य चढ़ाया गया।नगरभर में डांडिया रास और गरबा जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी गणेशोत्सव की शोभा बढ़ा रहे हैं।

### सिविल अस्पताल गरोठ में रोगी कल्याण समिति बैठक सम्पन्न



**गरोठ।** सिविल अस्पताल गरोठ में सोमवार को रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा बैठक विधायक चन्दरसिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अस्पताल भवन निर्माण की कमियों पर पीआईयू मंदसौर को पत्र लिखने, गुणवत्ता पर निगरानी के निर्देश दिए गए। दुकानों की समीक्षा के लिए जांच दल गठित कर बकाया राशि जमा कराने, किराया वृद्धि पर राहत, सील दुकानों के निस्तारण और दुकानदारों की बैठक आयोजित करने का निर्णय हुआ। ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर किराया नियम में संशोधन कर मरीजों को राहत दी गई। बैठक में एंबुलेंस, नाईट इमरजेंसी स्टाफ की उपस्थिति चार्ट, फार्मासिस्ट की नियुक्ति और अस्पताल प्रबंधन सुधार पर भी चर्चा हुई। बैठक में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष दानगढ़, सचिव डॉ. किशोर परिहार सहित अधिकारी व समिति सदस्य मौजूद रहे।

### एसडीएम सुश्री आंजना ने रामपुरा में गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया



**नीमच।** एसडीएम मनासा सुश्री किरण आंजना ने सोमवार को रामपुरा में गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण। गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए निर्देश। उन्होंने गांधी सागर जलाशय में अत्यधिक जल भराव से प्रभावित होने वाले संभावित डूब प्रभावित गांवों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाएं एवं प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम स्तरीय अमले को दिए। एसडीएम मनासा ने मनासा क्षेत्र के गांव देवरान, मोलकी बुजुर्ग एवं बुरावन का भ्रमण किया। इस मौके पर तहसीलदार श्री मृगेंद्र सिंह सिसौदिया एवं नगर परिषद सीएमओ श्री के.एल. सूर्यवंशी उपस्थित थे।

### श्रीमती शैलेंद्र कुंवर- सामंत सिंह चौहान करणी सेना क्षत्राणी इकाई की उज्जैन संभाग उपाध्यक्ष नियुक्त



**नीमच।** करणी सेना परिवार मध्य प्रदेश के क्षत्राणी इकाई की प्रदेश अध्यक्ष ममता - जितेंद्र सिंह सोलंकी खरगोन ने करणी सेना परिवार के मुखिया ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर की सहमति एवं प्रदेश प्रभारी दुर्गेश कुंवर बी.एस .भाटी के निर्देशानुसार श्रीमती शैलेंद्र कुंवर सामंत सिंह चौहान भाटखेड़ा नीमच को करणी सेना परिवार क्षत्राणी इकाई मध्य प्रदेश के उज्जैन संभाग उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। इस नियुक्ति पर श्रीमती शैलेंद्र कुंवर- सामंत सिंह चौहान ने करनी सेना क्षत्राणी संघ की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष द्वय श्रीमती स्वाति सिंह श्रीमती सविता सिंह मौर्य प्रदेश कार्यकारी संगठन मंत्री श्रीमती सिंह गौतम प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर रितु मौर्य का आभार व्यक्त करते हुए संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प लिया।

### विशाल भव्य भजन संध्या आज

**नीमच।** श्री सांवरिया सेठी की असीम कृपा व श्री राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में श्री वेंकटेश्वर मित्र मण्डल, तिरूपति नगर नीमच द्वारा आज मंगलवार 02 सितम्बर 2025 को सायं 7 बजे प्रभु इच्छा तक विशाल भव्य भजन संध्या का आयोजन तिरूपति नगर, मनासा रोड, नीमच पर किया जायेगा। श्री वेंकटेश्वर मित्र मण्डल समिति व आयोजकों ने संयुक्त रूप से बताया कि भव्य दरबार, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, छप्पन भोग व आलौकिक श्रृंगार किया जायेगा। भजन संध्या में दरबार सेवा नीमच श्याम सरकार, श्रीधाम बरसाना कृपा पात्र सलोनी, अजय पाटीदार, कुलदीप अहीर मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। म्यूजिशियन पर उमेश म्यूजिकल ग्रुप व साउंड सेवा नारायण सांउड की रहेगी।

# बिल्लोद नाहरगढ के बीच शिवना नदी पुल पर पानी से आवागमन 24 घण्टे से बंद

**पुल पर गड्ढे नही भरे व रैंलिग नही लगी आज तक चर्चा**

**पाल्या मारू तुम्बड नदी पुल पर पानी से आवागमन बंद**



**नाहरगढ। दो विधान सभा क्षेत्र व दो जिलो को जोडने वाली पुल नाहरगढ बिल्लोद के बीच शिवना नदी है। आवागमन आठ दिन से बंद चालू के बीच लगातार जिले मे बारिश हो रही है कही कम है तो कही अधिक है रविवार को शाम 7 बजे के आसपास आवागमन बंद हुआ जो समाचार लिखने तक बंद था।**

ऐसा अनुमान है कि मंगलवार सुबह तक खुलने की सम्भावना है। दोनो ओर पुलिस टीम, चौकीदार के साथ ही लोक निर्माण के दैनिक कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित है। दोनो छोर पर वाहनो की कतारे लगी है। लगातार अंचल व जिले मे बारिश होने से आठ दिन से आवागमन बंद चालु के साथ चल रहा है।

नदी मे पहली बार इतना पानी की आवक है। मिनटो के सफर के लिए घण्टो का समय लग रहा है। नाहरगढ से सीधा मंदसौर मण्डी जाने वाले मार्ग पर भी पाल्या मारू की तुम्बड नदी के रपट पुल पर रविवार को शाम 6बजे से आवागमन बंद है जो सोमवार को शाम तक बंद था।

पुलिस, चौकीदार व लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी मुस्तैद है। आमजन की समस्या है जनप्रतिनिधिगण व जननेताओ के साथ सांसद व विधायक को राहगीर हित मे ध्?यानाकर्षण करना चाहिए।

### आमजन चर्चा

चौपाल-चौपाल जनचर्चा है कि नाहरगढ बिल्लोद के बीच शिवना नदी पुल पर एक साल पहले चार की मौत हुई थी। उसके बाद भी एक साल मे क्षतिग्रस्त पुल पर नही गड्ढे भरे तथा नही रैंलिग लगी। घटना हुई एक माह तक जनप्रतिनिधिगण व जननेताओ के साथ जिला प्रशासन ने भी मौका निरिक्षण किया था। सभी ने केवल आश्वासन पर आश्वासन मिलते रहे है। आज तक नाहरगढ बिल्लोद पुल पर गड्डे जैसे के वैसे ही आज भी है। गड्डे दुर्घटना को निमंत्रण दे रहे है तथा पिलर भी टुटे हुए है।



## सोयाबीन में पीला मोजेक रोग से संबंधित नुकसानी सर्वे लगातार जारी - कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग

मंदसौर। जिले में सोयाबीन की फसल पर पड़ रहे पीला मोजेक रोग की स्थिति का सही आकलन करने एवं प्रभावित क्षेत्र की जानकारी एकत्र करने के लिए कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के निर्देशानुसार नुकसानी सर्वे कार्य लगातार जारी है। इस कार्य हेतु राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल गठित किए गए हैं। प्रत्येक दल में राजस्व अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं संबंधित पटवारी शामिल हैं, जो सक्रिय रूप से खेतों में पहुंचकर फसल की वास्तविक स्थिति का आंकलन कर रहे हैं।

जिन किसानों की फसल पीला मोजेक रोग से प्रभावित हुई है, उनके खेत का सर्वे अनिवार्य रूप से किया जाएगा। साथ ही कृषि विभाग द्वारा प्रभावित गांवों में भ्रमण कर किसानों को इस रोग से बचाव एवं नियंत्रण के उपाय भी बताए जा रहे हैं। शासन एवं प्रशासन किसानों के साथ खड़ा है। वास्तविक नुकसानी का सही सर्वे कर आगे की कार्यवाही की जाएगी, ताकि प्रभावित कृषकों को समय पर राहत और आवश्यक सहयोग मिल सके।

## पत्रकारगण कर सकते हैं पौधारोपण का जनजागरण - श्रीमती चौपड़ा



नीमच। प्रधानमंत्री नरेंद्रजी मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहनजी यादव द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रारंभ किए गए अमृत हरित अभियान एवं %एक बगिया मां के नाम% कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा आमजन को इस कार्यक्रम से जोड़ने के लिए सोमवार, 1 सितंबर को नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन व पत्रकारगणों की उपस्थिति में नगर पालिका कार्यालय परिसर में जन भागीदारी से पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा ने कहा कि पत्रकारगण प्रजातंत्र के चौथे स्तम्भ होते हैं, इसलिए आप सभी पत्रकार बंधु पौधारोपण के माध्यम से शहर को हरा-भरा बनाने के साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। श्रीमती चौपड़ा ने जनता के नाम संदेश में कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर घर में पौधे लगे, गमले हो या पुरानी मटकी, छत पर हो या कमरे में, खिड़की के पास या बरामदे में, हम कहीं भी पौधा लगा सकते हैं। पौधा ज्यादा कुछ नहीं मांगता, बस उसे थोड़ा पानी और हवा की जरूरत होती है। हम पर्यावरण की रक्षा करेंगे तो हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा होगा। साथ ही इससे परिवार के बच्चों को संस्कार मिलेंगे कि हमें भी पर्यावरण का संरक्षण करके प्राणवायु देने वाले पौधों की देखभाल करनी है। पौधों से घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है। विज्ञान भी कहती है आँखों को हरियाली दिखने से मन में ऊर्जा का संचार होने लगता है। हर पौधे का पालक होगा तो पौधे की प्रगति होती रहती है और उसे अच्छी आयु मिलेगी।

इस कार्यक्रम में जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारीगण, अन्य पत्रकार बंधुओं व पर्यावरणप्रेमी नागरिकों ने पौधों का पालक बनकर उनका रोपण करने व उनकी सुरक्षा के साथ ही आम जनता को पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जागृत करने की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि वह इन पौधों का रोपण करने के साथ ही अन्य शहरवासियों को भी पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण के लिए जागृत करेंगे। इस दौरान नपा अध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने पत्रकारगणों व अन्य उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों को विभिन्न प्रजाति के पौधों का जन भागीदारी से वितरण किया। इस दौरान जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री राहुल जैन एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नीम, चंपा, गुलमोहर व कनेर के पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा, एनयूएलएम प्रभारी श्री प्रवीण आर्य, बगीचा शाखा प्रभारी श्री महावीर जैन, प्रेस क्लब के पदाधिकारी श्री विष्णु मीणा, श्री राजेश भंडारी, श्री संतोष मीणा, श्री हेमंत शर्मा, भानुप्रिया बैरागी, श्री जयेश पुरोहित, श्री कन्हैयालाल सिंहल, श्री आशीष शर्मा, लखेरा समाज के अध्यक्ष श्री किशोर लखेरा, अग्रवाल समाज के श्री दीपेश गर्ग सहित अनेक गणमान्य नागरिक व पत्रकारगण उपस्थित थे।

## मृत्यु के बाद भी करें रोशनी का दान

**मंदसौर। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त से 8 सितंबर 2025) के अंतर्गत मंदसौर जिला चिकित्सालय में नेत्रदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय के नेत्र विभाग में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति बास्केल द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में आए हितग्राहियों का नेत्र परीक्षण किया गया और उन्हें नेत्रदान के महत्व की जानकारी देकर प्रेरित किया गया। डॉ. बास्केल ने बताया कि भारत में लगभग 11 लाख लोगों को नेत्र प्रत्यारोपण की आवश्यकता है, जबकि प्रतिवर्ष केवल 25 से 30 हजार नेत्र ही दान हो पाते हैं। इस अंतर को कम करने के लिए जन-जागरूकता और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी आवश्यक है।





राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा पर स्वास्थ्य विभाग ने किए जागरूकता कार्यक्रम

नेत्रदान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी

कोई भी व्यक्ति, चाहे उसकी उम्र कुछ भी हो, नेत्रदान कर सकता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप या चश्मा लगाने वाले व्यक्ति भी नेत्रदान कर सकते हैं।

मोतियाबिंद ऑपरेशन कराए हुए व्यक्ति भी नेत्रदान कर सकते हैं। गंभीर बीमारियों जैसे रेबीज, सेप्सिस, हेपेटाइटिस बी/सी, एचआईवी व रक्त कैंसर से पीड़ित व्यक्ति नेत्रदान नहीं कर सकते। मृत्यु के बाद 6 से 8 घंटे के भीतर नेत्रदान किया जा सकता है। पूरी प्रक्रिया मात्र 15-20 मिनट की होती है और इसमें चेहरे पर कोई निशान नहीं आता।

डॉ. बास्केल ने लोगों से अपील की कि मृत्यु के तुरंत बाद परिवारजन नेत्र बैंक को सूचना दें, ताकि समय पर नेत्रदान संभव हो सके।

## जीतू पटवारी के जाने के पश्चात गंगाजल से शहर का किया शुद्धिकरण

**नीमच।** लाड़ली लक्ष्मी बहना के माध्यम से संपूर्ण भारत में मातृशक्ति का सम्मान करने वाले, मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार और मातृशक्ति को अपमानित करने वाले मध्य प्रदेश कांग्रेस के मानसिक रूप से दिवालिया हो चुके अध्यक्ष जीतू पटवारी के नीमच नगर आगमन और उनके जाने के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शिव महेश्वरी, भारतीय जनता पार्टी मंडल के पूर्व कोषाध्यक्ष दिलीप छाजेड़, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष मीना जायसवाल, किरण शर्मा (पार्षद),नगर पालिका की पूर्व उपाध्यक्ष ममता कान्हा सोनी, पूर्व पार्षद गजेंद्र चावला ,नमो ग्रुप के प्रदेश अध्यक्ष रोशन वर्मा, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश काबरा ,पूर्व पार्षद सुरेश सैनी, कमल शर्मा, मोहन शर्मा, बाबू भागचंद अहीर, रमेश जायसवाल, अजय वलेचा ,ओमप्रकाश सचदेव, मोमु लालवानी, सहित अनेक मातृशक्ति और कार्यकर्ता गणों ने भारत माता चौराहे पर उपस्थित होकर कहा कि हमारा नीमच मालवा की वैष्णो देवी मां भादवा के क्षेत्र का शहर है, ऐसे शहर में मातृशक्ति के अपमान करने वालों के कदम आज यहां गिरे हैं, जिससे हमारा शहर अपवित्र हुआ है ,ऐसे व्यक्ति के शहर से जाने के बाद भारत माता को नमन करने के बाद गंगाजल से शहर का शुद्धिकरण किया गया।





**एक नजर में** — **संबल योजना की सहायता राशि निकलवाने 20 हजार मांगे थे**

# नगरपरिषद कंप्यूटर ऑपरेटर 7 हजार रिश्वत लेते पकड़ाया



**नीमच। जिले के जीरन में लोकायुक्त टीम ने नगर परिषद के कंप्यूटर ऑपरेटर को 7 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी चैनसुख बैरागी ने संबल योजना के तहत मृतक की 2 लाख सहायता राशि के लिए 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।**

रिश्वत लिए रुपए आरोपी के बेडरूम में पलंग के गद्दे के नीचे से बरामद हुए हैं। शिकायतकर्ता भरत कुमार भट्ट की मां सागर बाई का स्वर्गवास 20 मई 2024 को हुआ था। उन्होंने मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत सहायता राशि के लिए आवेदन किया था। भरत कुमार ने 18 अगस्त को लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक आनंद यादव के पास शिकायत दर्ज कराई। जांच में मांग प्रमाणित पाई गई। आरोपी ने पहली किश्त के रूप में 7 हजार रुपए मांगे। लोकायुक्त टीम ने ट्रैप लगाया और आरोपी को उसके निवास पर रिश्वत लेते पकड़ा।





## औषधि निरीक्षक ने की तीन दवा दुकानों पर की कार्यवाही

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा औषधि विक्रय संस्थानों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है 7 ड्रग इंस्पेक्टर नीमच ने बताया कि विशेषत: एनआरएक्स/नशे के रूप में दुरूपयोग की संभावना वाली दवाइयों के रिकॉर्ड की जाँच की जा रही है। औषधि निरीक्षक नीमच द्वारा विभिन्न औषधि विक्रय संस्थानों के औचक निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर जिले में संचालित 03 मेडिकल स्टोर्स पर कार्यवाही की गई है।

निरीक्षण के दौरान संबंधित संस्थानों के संचालन में विभिन्न अनियमितताएं पाई गई थी जिनके आधार पर संस्थानों को औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी जिला नीमच द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये थे जिसके प्रतिउत्तर में संचालकों द्वारा संतोषजनक तथ्य एवं दस्तावेज प्रस्तुत ना कर पाने के कारण औषधि एवं प्रशाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत नियमों के उल्लंघन पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा मेसर्स कमल मेडिकोज मनासा का लाइसेंस 05 दिवस एवं मेसर्स सेंट्रल मेडिकल स्टोर्स नीमच का लाइसेंस 04 दिवस के लिए निलंबित किया गया है7

इसी प्रकार औचक निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर मेसर्स सांवलिया मेडिकल एंड जनरल स्टोर मनासा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी जारी किया गया है जिसमें मेडिकल संचालक द्वारा जवाब/दस्तावेज प्रस्तुत करने के पश्चात नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

साथ ही नीमच जिले के समस्त औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि संस्थान संचालन के दौरान औषधि एवं प्रशाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 का पालन सुनिश्चित करें एवं एनआरएक्स/नशे के रूप में दुरूपयोग की संभावना वाली दवाइयों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड नियमानुसार संधारित करें 7 औचक निरीक्षण के दौरान औषधि विक्रय संस्थान का संचालन नियमानुसार ना पाए पर कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी ड्रग इंस्पेक्टर नीमच श्री शोभित कुमार तिवारी ने दी है।

## विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन का रजत जयंती समारोह 5 सितंबर को

नीमच। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन जबलपुर के प्रांतीय सह सचिव भूपाल सिंह राठौड़ ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन जबलपुर विगत 25 वर्षों से विद्युत पेंशनर्स के जायज हकों, अधिकारों एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए मध्य प्रदेश शासन एवं विद्युत कंपनियों के मध्य में कार्य कर रही है ।

संस्था स्थापना के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य एवं विशाल स्तर पर रजत जयंती समारोह का आयोजन ग्वालियर में माधव डिस्पेंसरी के सामने ,जैन छात्रावास पर दिनांक 5 सितंबर को प्रात- 10-00 बजे से किया जाएगा । रजत जयंती समारोह के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री मध्य प्रदेश शासन श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं समारोह की अध्यक्षता मध्य प्रदेश विद्युत मंडल एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष एसके जायसवाल करेंगे ।समारोह के मुख्य वक्ता गण सर्व श्री आर सी सोमानी इंदौर,सुरेश बाबू खरे छतरपुर,एम एम अंसारी बैतूल,के सी जैन दमोह,आई डी पटले बालाघाट,व्ही डी पाँडे चचाई,खुबचंद शर्मा मंदसौर,एल एस चौहान इंदौर,भूपाल सिंह राठौड़ नीमच,के के मनवारे भोपाल,अशोक मंडलोई पिपरिया, एच पी कहार नरसिंहपुर,अरविन्द जेन सागर, दिनेश सोलंकी उज्जैन,घनश्याम खंडेलवाल सिवनी होंगे।